भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2608

दिनांक 09 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए

सिंगूर में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग

2608. श्रीमती लॉकेट चटर्जी:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार सिंगूर के टाटा नैनों संयंत्र की खाली पड़ी भूमि में कोई खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>**उत्तर**</u>

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क)और(ख): जी, नहीं । खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय अपने स्तर पर कोई भी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग/यूनिट/परियोजना/संयंत्र की स्थापना नहीं करता है । यह, अनुदान सहायता के रुप में व्यक्तियों, किसानों, कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओज), उद्यमियों, सहकारिताओं, समितियों, स्व-सहायता समूहों (एसएचजीज), निजी कम्पनियों तथा केन्द्र/राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों इत्यादि को प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) की अपनी अम्ब्रैला स्कीम के अतंर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों/ यूनिटों/परियोजनाओं की स्थापना करने के लिए पूंजी सब्सिडी के तौर पर वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

*****